# शिक्षित समाज के निर्माण हेतु निरंतर प्रयासरत क्वींस कार्मेल स्कूल

देश को विकसित बनाने में बालिका शिक्षा बहुत महत्वपूर्ण है। एक महिला शिक्षित होकर पूरे समाज को शिक्षित बना सकती है। शिक्षा के प्रचार का सबसे श्रेष्ठ संसाधन नारी शिक्षा है। इससे ही देश में शिक्षा का स्तर काफी उठता है। हमारे देश का विकास कराने के लिए बालिका शिक्षा बहुत महत्वपूर्ण है। वैसे तो बालिका शिक्षा अकेली देश का विकास नहीं कर सकती पर हमारे देश में पुरुष शिक्षा उच्च स्तर की है। इसलिए अब पीछे बची महिला शिक्षा पर ध्यान केन्द्रित किया जा रहा है। इसी क्रम में बीटा–1 स्थित क्वींस कार्मेल स्कूल केवल बालिकाओं को शिक्षा प्रदान कराने के लिए प्रयासरत है। एक–एक शिक्षित व्यक्ति का बहुत महत्व होता है। कई लोग मिलकर परिवार बनाते है। तथा परिवार मिलाकर समाज बनाते है। परिवार का सबसे प्रमुख सदस्य महिला होती है। बालिकाओ की शिक्षा से भी महत्वपूर्ण बालिकाओ की शिक्षा के महत्व के बारे में लोगो को महसूस करना है। हम या सरकार जोर–जबरदस्ती से किसी की बेटियों को नहीं पढ़ा सकते है। पर हम लोगो को बालिका शिक्षा के महत्व को समझाकर उन्हें प्रेरित कर सकते है। जब तक मनुष्य को किसी भी वस्तु का महत्व का अहसास नहीं होता है, तब तक वह चीज उसके लिए किसी काम की नहीं होती है। इसलिए बालिका शिक्षा के महत्व को समझो तथा उन्हें उच्च शिक्षा ग्रहण कराओ। एक अभिभावक का यही कर्तव्य होता है, कि वह अपने बच्चो को शिक्षा ग्रहण कराये। हमारे देश का भविष्य संवारने में बालिका शिक्षा का अहम योगदान होगा। हमारे देश में सरकार नए–नए अभियान चलाकर बालिका शिक्षा को बढ़ावा दे रही है। पर आज भी लोग बालिका शिक्षा को अनदेखा कर रहे है। बालिका को शिक्षा प्रदान कराई जाये तो वे पुरुषो से भी आगे बढ़ सकती है। बालिका शिक्षा ग्रहण करके अपने सम्पूर्ण समाज को शिक्षा के लायक बना सकती है। आज भी हमारे देश में लगभग 35 प्रतिशत महिलाएं अशिक्षित है। जिसका कारण अंग्रेजो का काल है। हमारे देश की आजदी को लगभग 75 साल हो चुके है. पर अभी–भी कुछ महिला अशिक्षित है। पिछले कुछ दशको में हमारे देश में शिक्षा का स्तर काफी बढ़ा है।

**SANDHYA KUMARIA**
Head Of School
Queen's Carmel School
Greater Noida